तापमान

अधिकतम 25.4 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, बुधवार, 17 दिसंबर 2025



9 साधु-संतों की दूरदृष्टि और तपस्या का संस्थान ...





10 कोहरा, ठंडी हवा और प्रदूषण ने शहर को जकड़ा




**खबर संक्षेप**

### डॉ आनंद कुमार शर्मा को मिला अतिरिक्त कार्यभार

**रोहतक।** नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने प्रशासक के तौर पर एचएसवीपी में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। हरियाणा सरकार की तरफ से यह कार्यभार अतिरिक्त तौर पर दिया गया है। इससे पहले इस पद पर ब्रहमजीत रांगी कार्यरत थे, जिनका स्थानांतरण हो गया है। डॉ आनंद शर्मा निगम आयुक्त रोहतक के पद पर भी बने रहेंगे। इसके साथ ही संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी ने भी नगर निगम रोहतक में कार्यभार ग्रहण किया। नमिता कुमारी इससे पहले भी निगम में कार्यरत रह चुकी हैं। वे पीजीआईएमएस में भी बतौर संयुक्त निदेशक ड्यूटी कर रही हैं।

### सांपला: निशाने बाजी में नव्या ने जीता मेडल

**सांपला।** खंड के गांव भैंसरु खुर्द सरपंच पुनीत कुमार की 11 साल की बेटी नव्या ने निशाने बाजी में मेडल हासिल किया है। ये प्रतियोगिता दिल्ली तुगलकाबाद स्टेडियम में हुई थी। 68 वीं जूनियर नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में नव्या ने भाग लिया था। दस मीटर की निशानेबाजी में उन्होंने 600में से 520 निशाने सही लगाकर नेशनल शूटर की उपलब्धि हासिल की है। नव्या ने बताया कि वह हाल में खरखौदा कोच राकेश की निगरानी में अभ्यास कर रही हैं। जूनियर निशानेबाज को ग्रामीणों ने बधाई दी है।

### एमडीयू में विशेषज्ञ व्याख्यान आज

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर (एफडीसी), सेंटर फॉर आईपीआर स्टडीज तथा रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में 17 दिसंबर को आर्थिक विकास में बौद्धिक संपदा और नवाचार की भूमिका विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। एफडीसी निदेशक प्रो मुनीष गर्ग ने बताया कि प्रतिष्ठित शिक्षाविद डॉ. धनपत राम अग्रवाल बतौर मुख्य वक्ता इस कार्यक्रम में व्याख्यान देंगे। यह व्याख्यान कार्यक्रम एफडीसी के सेमिनार हाल में प्रातः 11 बजे से प्रारम्भ होगा।

### एमडीयू: सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 दिसंबर से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत बीटेक प्रथम सेमेस्टर (जी स्कीम केवल री-अपीयर एवं एच स्कीम फ्रेश) तथा बीआर्क प्रथम सेमेस्टर (रेगुलर एवं री-अपीयर) की परीक्षाएं 24 दिसंबर से प्रारंभ होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि इन परीक्षाओं की विस्तृत डेटशीट विश्वविद्यालय की वेबसाइट www. mdu.ac.in पर उपलब्ध है।

### रेलवे ट्रैक के पास अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

**रोहतक।** रात्रि के समय रेलवे स्टेशन के पास अप व डाउन मेन लाइन पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। जांच में मामला किसी बीमारी के कारण हुई दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। मृतक की उम्र करीब 49 से 50 वर्ष बताई जा रही है। शव की पहचान के लिए पुलिस द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

### दंगा से प्रभावित परिवार नौकरी के लिए करें संपर्क

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा डेप्लॉयमेंट कांट्रेक्चुअल पर्सनस पॉलिसी 2022 के अंतर्गत 1984 सिख विरोधी दंगों में प्रभावित परिवारों के लिए संविदात्मक रोजगार प्रदान करने हेतु संशोधित प्रावधान अधिसूचित किए गए हैं। संशोधित नीति के अनुसार,1984 दंगों में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिवार के एक जीवित सदस्य को, निर्धारित योग्यता हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के माध्यम से नियुक्ति प्रदान किया जाएगा।

---

स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, बस स्टैंड समेत दूसरे संस्थानों पर नियुक्त करने होंगे नोडल अफसर

# आवारा कुत्तों की देखभाल के लिए एसओपी जारी, अब पालतू का पंजीकरण अनिवार्य

» पंचायतों को गांवों में और शहरी निकायों को शहरों में बनाने होंगे शेल्टर होम

» सार्वजनिक स्थानों पर खाना खिलाना भी प्रतिबंधित किया

अमरजीत एस गिल ⏭ रोहतक

हरियाणा सरकार ने कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं और आवारा कुत्तों की समस्या को देखते हुए नई एसओपी जारी की है। इसका उद्देश्य कुत्तों द्वारा लोगों के काटने की घटनाओं को कम करना है। इसके अलावा आदमियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो, ये प्रावधान एसओपी में किए गए हैं। इसके साथ-साथ पशु कल्याण का भी ध्यान रखना है। अब कुत्तों को पंजीकरण टोकन वाले कॉलर पहनाना अनिवार्य है। आवारा और पालतू कुत्तों के लिए शहरों में नगर निगम और गांवों में पंचायतों को नोडल जिम्मेदारी दी गई है। कुत्ते के काटने पर मालिक ने पीड़ित को दस हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये का मुआवजा देना पड़ेगा। इतना ही नहीं पालतू कुत्तों का पंजीकरण और टीकाकरण भी अनिवार्य किया गया है।

## टोकन वाला कॉलर भी पहनाना होगा



### आम जगहों से हटाने होंगे

एसओपी में आम स्थानों जैसे स्कूल,कॉलेज, रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड समेत सार्वजनिक स्थानों से कुत्ते पंचायतों और शहरी निकायों ने हटाने होंगे। इसकी वजह है कि आम स्थानों पर ही कुत्तों द्वारा मनुष्यों को काटने की घटनाएं सामने आती हैं। अगर किसी सूरत में पब्लिक प्लेस कुत्ते नहीं हटाए जा सकते हैं तो उस स्थान की ऐसी बाड़बंदी करवानी होगी, जिसमें से कुत्ते अंदर न घुस सकें। कुत्ते हटाने को लेकर क्या कार्रवाई की जा रही है, इसकी रिपोर्ट नियमित रूप से सरकार को भेजी जाएगी। इस काम के लिए बकायदा नोडल अफसर नियुक्त किए जाएंगे।

### सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के काटने की घटनाओं में वृद्धि पर लिया था संज्ञान

सुप्रीम कोर्ट ने गत नवंबर में देश भर में आवारा कुत्तों के काटने की घटनाओं में वृद्धि पर संज्ञान लेते हुए निर्देश दिया था कि स्कूलों, अस्पतालों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और राजमार्गों जैसी सार्वजनिक जगहों से आवारा कुत्तों को हटाकर शेल्टर होम में भेजा जाए। साथ ही इन जगहों को सुरक्षित किया जाए, हालांकि बाद में यह स्पष्ट किया गया कि आक्रामक या संक्रमित कुत्तों को छोड़कर, अन्य को नसबंदी और टीकाकरण के बाद उनके मूल स्थान पर छोड़ा जा सकता है और भोजन के लिए निश्चित स्थान बनाए जाएं। बताया जा रहा है कि 18 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट अगली सुनवाई कर सकता है। इससे पहले गत 27 अक्टूबर और 3 नवंबर को सुनवाई हुई थी।

### ये है होगा शेल्टर साइज

आवारा कुत्तों के लिए शहर-कस्बों में नसबंदी व शेल्टर होम शहरी निकाय तथा गांवों में ये कार्य ग्राम पंचायत को कराने होंगे। आवारा कुत्तों के खाने की सामूहिक पंचायतों और शहरी निकायों को अपने खर्चे परी करनी होगी। अगर 100 कुत्ते रखने का शेल्टर बनाना है तो उसका साइज 70 फीट गुणा 40,500 के लिए 157 गुणा और 1000 के लिए 221 फीट गुणा में 127 फीट होना चाहिए।

### खाना खिलाने पर प्रतिबंध

एसओपी में बताया गया है कि कोई भी व्यक्ति कुत्ते को सार्वजनिक स्थान पर खाना नहीं खिला सकता है। अवेहलना करने पर नियमानुसार व्यक्ति पर जुर्माना करने का प्रावधान सरकार ने किया है। सरकार ने स्थानीय प्रशासनों को निर्देश दिए हैं कि उन स्थानों की पहचान की जाए जहां लोग कुत्तों को खाना खिलाते हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुसार, कुत्तों को शेल्टर होम में रखने और उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर छोड़ने के नियम बदले गए हैं, और हिंसक या बीमार कुत्तों को ही शेल्टर में रखने पर जोर है। जिन घरों में पालतू कुत्ते हैं, उनके मालिकों को टीकाकरण और नसबंदा का प्रमाण पत्र देना होगा। 4 वर्ष की आयु के बाद कुत्तों की नसबंदी करवाना अनिवार्य है।

---

» दो माह बाद 19 को होगी हाउस की मीटिंग

# हाउस की मीटिंग से पार्षदों को उम्मीदें, कई और ने भेजे एजेंडे

» एजेंडों में टूटी सड़कों, पानी की जर्जर पाइप लाइन और सीवरेज से सम्बंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

19 दिसम्बर को होने वाली हाउस की मीटिंग से पार्षदों सहित आम जनता को बड़ी उम्मीदें हैं। 22 वार्डों के पार्षद स्थानीय लोगों से सलाह कर एजेंडे तैयार कर रहे हैं। ऐसे में अधिकतर पार्षदों ने अपने एजेंडें मेयर रामअवतार वाल्मीकि सहित अन्य अधिकारियों के पास भेज दिए हैं। इन पर मुहर लगने के बाद फाइनल रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा। एजेंडों में सबसे बड़ी समस्या टूटी सड़कों, पानी की जर्जर पाइप लाइन और सीवरेज से सम्बंधित हैं। इसके अलावा कई जगह सामुदायिक केंद्र बनवाने की मांग की जा रही है। इसके अलावा शहर को कई नई सौगात मिल सकती हैं।

### टूटी सड़कों की मरम्मत जरूरी

वार्ड-12 में टूटी सड़कों को एजेंडे में शामिल किया गया है। वहीं जो स्ट्रोम वाटर लाइन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है उसको भी इसमें शामिल किया गया है। इसी के साथ सेक्टर एक पुलिस चौकी से दिल्ली रोड तक सड़क किनारे ग्रीन बेल्ट को स्थापित किया जाएगा। जिसकी डीपीआर भी तैयार हो चुकी है। सदन की बैठक में आमजन से जुड़ी समस्याओं को भी शामिल किया जाएगा। जल्द ही विकास कार्य पूरी तरह से रफ्तार पकडेंगे। ज्यादातर जगहों पर काम चल रह है। जल्द ही अन्य विकास कार्यों का भी होगा निर्माण।
**-सुशील नांदल उर्फ शीलू**, पार्षद वार्ड 12

### सामुदायिक केंद्र की सख्त जरूरत

हमारे वार्ड में कोई सामुदायिक केंद्र नहीं है। जिसकी वजह से हजारों लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए यहां खाली पड़ी जमीन पर सामुदायिक केंद्र बनवाने की मांग की जा रही है। इसके अलावा यहां कई कॉलोनियां ऐसी हैं, जहां आज तक पीने के पानी की लाइन तक नहीं बिछाई गई है। जन स्वास्थ्य विभाग से कई बार बातचीत हुई है। पाइप लाइन बिछाने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया था लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हुआ।
**-सुरेश किराड पार्षद** , वार्ड नम्बर 5

### सीवरेज की समस्या का हो निस्तारण

वार्ड 14 में स्थित वाल्मीकि बस्ती के निवासियों के पास प्रॉपर्टी आईडी तो हैं लेकिन जमीन उनके नाम नहीं है। सीवरेज की समस्या रहती है। इस वजह से लोग सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे। बीपीसीएल की पाइप लाइन दबाने का कार्य चल रहा है लेकिन वह उस समय दोबारा मरम्मत नहीं करते। पानी की पाइप लाइन डैमेज हो चुकी है।
**-कंचन खुराना**, पार्षद, वार्ड नम्बर 14

---



रोहतक। आरोपित पुलिस की गिरफ्त में। फोटो: हरिभूमि

# ज्वेलर्स से 1 करोड़ की रंगदारी मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार

» जान से मारने की धमकी राजस्थान से प्रोडक्शन वारंट पर लाया गया

**रोहतक।** जिले के ब्लॉक महम में ज्वेलर्स से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस वारदात में शामिल आरोपी लखविंद्र सिंह को राजस्थान के अजमेर से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। फिलहाल पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है।

सीआईए-1 के एसएचओ कुलदीप सिंह ने बताया कि यह मामला 21 मार्च 2023 का है, जब महम निवासी ज्वेलर्स राजेश ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया गया था कि उसे एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन और वॉट्सऐप कॉल के जरिए एक करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग की गई थी। पैसे न देने की सूरत में आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी, जिससे वह और उसका परिवार दहशत में आ गया था। आरोपी ने पीड़ित को सिर्फ एक बार नहीं कई धमकाया था।

---

» ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन

# पांच युवक अवैध शराब सहित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पुलिस ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों से 5 युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 78 बोतल देसी शराब बरामद की गई है। सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित थाना क्षेत्रों में आबकारी अधिनियम के तहत अलग-अलग अभियोग अंकित कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

### मदीना फ्लाईओवर से पकड़ा

बहुअकबरपुर थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने मोखरा मदीना फ्लाईओवर के पास से महेन्द्र निवासी बहुअकबरपुर को अवैध शराब सहित काबू किया। आरोपी के पास से 10 बोतल देसी शराब रामद हुई। उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है।



### जरौरखेड़ी रोड के पास गिरफ्तार किया

सांपला थाना प्रभारी बिजेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने हसनगढ़ जरौरखेड़ी रोड के पास से शमशेर निवासी भैसरू खुर्द को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 20 अध्धे और 2 बोतल देसी शराब बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है। इसी थाना क्षेत्र में मुख्य सिपाही प्रवीण के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भैसरू खुर्द के समचाना रोड के पास से अमित उर्फ बैंगण निवासी भैसरू खुर्द को अवैध शराब सहित पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 28.50 बोतल देसी शराब बरामद की गई। पुलिस टीम ने नया बांस से लुहारहेड़ी रोड के पास से रोहित निवासी भाखड़ा, जिला भिवानी को काबू किया।

---

# पुराना हाउसिंग बोर्ड के पास व्यक्ति ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पुराना हाउसिंग बोर्ड की ओर से गुजरने वाली रेलवे लाइन पर एक 46 वर्षीय व्यक्ति ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान पंकज के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार पंकज लंबे समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। उसकी माता बीमार रहती थी और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी उसी पर थी, जिसके चलते वह तनाव में रहता था। पुलिस का कहना है कि पारिवारिक परिस्थितियों के कारण वह काफी समय से अवसाद में था। बताया गया है कि पंकज पुराना हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में अपनी मां के साथ किराए के मकान में रह रहा था। हालांकि मूल रूप से वह आंवल गांव का निवासी था। आसपास के लोगों ने बताया कि वह शांत स्वभाव का व्यक्ति था, लेकिन बीते कुछ समय से चिंतित नजर आ रहा था। घटना के बाद रेलवे लाइन पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

---

**अच्छी पहल** डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, सार्वजनिक स्थलों की सफाई की समीक्षा की

# स्वच्छता व सौंदर्यीकरण को लेकर नगर निगम पुलों और सार्वजनिक स्थलों की दीवारों पर करवाएगा आकर्षक पेंटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शहर में चल रहे डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, सार्वजनिक स्थलों की सफाई, मुख्य सड़कों व बाजार क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था तथा कूड़ा निस्तारण की प्रक्रिया की गहन समीक्षा की गई। निगम आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक वार्ड में नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए।

डा. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि स्वच्छ शहर की परिकल्पना तभी साकार हो सकती है जब प्रशासन के साथ-साथ आमजन भी अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इसी उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लगातार स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत आईपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डीएलएफ कॉलोनी में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान बच्चों को कविता और संवादात्मक गतिविधियों के माध्यम से सूखे और गीले कूड़े को अलग-अलग एकत्रित करने की जानकारी दी गई।



रोहतक। शहर में सफाई व्यवस्था तथा कूड़ा निस्तारण की प्रक्रिया की समीक्षा बैठक करते नगर आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा। फोटो: हरिभूमि

### निरतंर जारी रहेंगे ऐसे अभियान

डा. शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि नागरिकों को जागरूक करने के लिए ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे। साथ ही गंदगी फैलाने वालों और स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए चालान भी किए जाएंगे। स्वच्छता के साथ-साथ नगर निगम द्वारा शहर के सौन्दर्यकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शहर के प्रमुख चौराहों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों के सौन्दर्यकरण के कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। इनमें फव्वारों का संचालन, लाइटिंग व्यवस्था को मजबूत करना तथा पुलों व सार्वजनिक स्थलों की दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग और स्वच्छता संदेश अंकित करना शामिल है। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई और सौन्दर्यकरण के कार्य तय समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं।


WE CARE MULTISPECIALITY HOSPITAL | VENKATESHWAR HOSPITAL

वेंकटेश्वर हॉस्पिटल, नई दिल्ली
एवं
वी केयर मल्टी-स्पेशियलिटी, हॉस्पिटल, रोहतक, हरियाणा
के सौजन्य से
सुपर स्पेशलिटी ओ.पी.डी.

मेडिकल ऑन्कोलॉजी (कैंसर) — 19 दिसंबर, 2025 हर महीने के पहले एवं तीसरे शुक्रवार को

रेडिएशन ऑन्कोलॉजी (कैंसर) — 22 दिसंबर, 2025 हर महीने के दूसरे एवं चौथे सोमवार को

किडनी रोग एवं किडनी ट्रांसप्लांट — 26 दिसंबर, 2025 हर महीने के दूसरे एवं चौथे शुक्रवार को

सुबह 10:30 बजे से दोपहर के 01:30 बजे तक
वी केयर मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, सोनीपत रोड, विकास नगर, रोहतक, हरियाणा -124001

वेंकटेश्वर हॉस्पिटल सभी TPAs | Insurance | CGHS | ECHS | CAPF एवं
हरियाणा सरकार के पैनल पर उपलब्ध हैं
कर्मचारियों, पेंशनधारकों और उनके आश्रितों के लिए मान्य

7290072988, 7404347360/61 | Sector 18A, Dwarka www.venkateshwarhospitals.com



# सितारों के सितारे में अनोखी और भावुक कहानी की मिली झलक

**मुंबई।** आमिर खान ऐसे कलाकार हैं, जो अपनी अलग तरह की सोच के लिए जाने जाते हैं। जल्द ही उनका प्रोडक्शन 'सितारों के सितारे' को थिएटर में रिलीज करेगा। हाल ही इस खास डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसी साल आमिर खान स्टारर एक फिल्म 'सितारे जमीन पर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी के अहम किरदार कुछ स्पेशल किड्स थे। अब इन बच्चों की जिंदगी के पीछे के असल सितारों की कहानी को आमिर खान प्रोडक्शन एक डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे' के जरिए बयां करेंगे। जल्द ही यह डॉक्यूमेंट्री थिएटर में रिलीज भी होगी। आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' पर कुछ स्पेशल चाइल्ड नजर आए थे। इन बच्चों ने फिल्म में कमाल का अभिनय किया था। इन बच्चों के पैरेंट्स का कैसा स्ट्रगल रहा? कैसे उन्होंने अपने स्पेशल चाइल्ड को पाला? और कैसे ये बच्चे फिल्म 'सितारे जमीन पर' क्या हिस्सा बने? इन बातों को डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे' में समेटा गया है।

## लाइफ Style

## श्रद्धा

# हमारी भावनाओं के साथ मत खेलो

एजेंसी ⏭ मुंबई

रणवीर सिंह की 'धुरंधर' इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। वहीं, दूसरी ओर फिल्म को कई सेलेब्स से भी लगातार प्रशंसा मिल रही है। अक्षय कुमार, विक्की कौशल और ऋतिक रोशन से लेकर अल्लू अर्जुन और सामंथा रुथ प्रभु जैसे सितारों ने फिल्म की जमकर प्रशंसा की है। अब इस लिस्ट में श्रद्धा कपूर का नाम भी शामिल हो गया है।

श्रद्धा ने फिल्म की तारीफ करते हुए दूसरे पार्ट के लिए भी अपनी उत्सुकता जाहिर की है। साथ ही उन्होंने आदित्य धर से दूसरा पार्ट जल्दी लाने की भी बात कही। श्रद्धा कपूर ने फिल्म की तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर कई स्टोरीज साझा कीं। अपनी स्टोरीज में उन्होंने लिखा, 'आदित्य धर का धुरंधर बनाना वाकई बुरा लग रहा है, क्योंकि दूसरे पार्ट के लिए हमें तीन महीने का इंतजार करवाया है। हमारी भावनाओं के साथ खिलवाड़ मत करो। कृपया इसे पहले रिलीज कर दो।' श्रद्धा ने आगे फिल्म की तारीफ करते हुए कहा कि क्या शानदार अनुभव रहा। अगर सुबह शूट नहीं होता तो अभी जाकर दोबारा देखती है। आगे इस साल हिंदी सिनेमा को मिली हिट फिल्मों का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि छावा, सैयारा और धुरंधर सभी 2025 के हिंदी सिनेमा में। आगे श्रद्धा कपूर ने आदित्य धर की पत्नी और एक्ट्रेस यामी गौतम को मिले निगेटिव पीआर के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'यामी गौतम को निगेटिव पीआर और मनगढ़ंत विवादों का सामना करना पड़ा, लेकिन धुरंधर ने इन सब का सामना किया और शानदार प्रदर्शन किया। कोई भी बुरी ताकत एक अच्छी फिल्म को नीचे नहीं गिरा सकती। हमें दर्शकों पर भरोसा है। हमारी भावनाओं से मत खेलो। धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर लगातार तहलका मचाए हुए है।



## हॉलीवुड मसाला

# ल्यूक स्पेंसर के रोल ने बदली किस्मत



**लॉस एंजिल्स।** टीवी की दुनिया में कुछ किरदार ऐसे होते हैं, जो कलाकार से कहीं आगे निकलकर एक पूरी पीढ़ी की यादों का हिस्सा बन जाते हैं। अमेरिकी टेलीविजन इतिहास में ल्यूक स्पेंसर ऐसा ही एक नाम है। इस यादगार किरदार को अमर करने वाले अभिनेता एंथनी गीरी का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। एंथनी गीरी का जन्म अमेरिका के यूटा राज्य में हुआ था। बचपन से ही अभिनय की ओर झुकाव रखने वाले गीरी ने थिएटर के जरिए अपने कॅरियर की नींव रखी। यूनिवर्सिटी ऑफ यूटा से थिएटर स्कॉलरशिप मिलने के बाद उन्होंने अभिनय को गंभीरता से अपनाया और 1970 के दशक में लॉस एंजेलिस का रुख किया। शुरुआती दौर में उन्होंने कई लोकप्रिय टीवी शोज में छोटे-छोटे किरदार निभाए, जिससे इंडस्ट्री में उनकी पहचान बनने लगी।




# इंटरनेट पर लीक हुए अवेंजर्सः डूम्सडे के टीजर

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की सबसे मच अवेटेड फिल्मों में से एक 'अवेंजर्सः डूम्सडे' रिलीज से पहले ही जबरदस्त चर्चा में आ गई है। वजह है फिल्म के तीन टीजर ट्रेलर्स का ऑनलाइन लीक हो जाना, जिसने मार्वल स्टूडियो की पूरी मार्केटिंग रणनीति को हिला कर रख दिया है। इन लीक वीडियोज ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और फैंस के बीच कयासों का दौर तेज हो गया है। बताया जा रहा है कि मार्वल स्टूडियो ने 'अवेंजर्स डूम्सडे' के लिए एक बेहद खास प्रमोशनल प्लान तैयार किया था। स्टूडियो का प्लान था कि फिल्म के चार अलग-अलग टीजर ट्रेलर सिनेमाघरों में एक्सक्लूसिव तौर पर दिखाए जाएं। ये ट्रेलर्स जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ अटैच किए जाने थे, ताकि बड़े पर्दे पर मार्वल का अनुभव और भी भव्य हो सके। लेकिन थिएटर में बैठे कुछ दर्शकों ने इन क्लिप्स को रिकॉर्ड कर लिया और देखते ही देखते तीन टीजर इंटरनेट पर वायरल हो गए। लीक हुए टीजर ट्रेलर्स में जो बातें सामने आई हैं, उन्होंने मार्वल फैन्स को हैरान कर दिया है।



# पठान 2 में होगी जूनियर एनटीआर की एंट्री

**मुंबई।** इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर रणवीर सिंह की स्पाई-थ्रिलर फिल्म धुरंधर धमाका मचाए हुए है। इस बीच अब यशराज फिल्म के स्पाई-यूनिवर्स की फिल्म पठान 2 को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बीते दिनों शाहरुख खान की मौजूदगी में पठान 2 के बनने की बात सामने आई थी। इसके बाद अब शाहरुख की इस आगामी फिल्म को लेकर एक नई चर्चा जोरों पर चल रही है। इन चर्चाओं के सामने आने के बाद अब 'पठान 2' को लेकर फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है। एक रिपोर्ट में ये दावा किया जा रहा है कि स्पाई यूनिवर्स का नया हिस्सा बने जूनियर एनटीआर अब शाहरुख खान की 'पठान 2' में भी नजर आएंगे। चर्चाएं हैं कि 'पठान 2' में जूनियर एनटीआर को लेने की बात चल रही है। ऐसी चर्चा है कि फिल्म में जूनियर एनटीआर की भूमिका सिर्फ एक छोटी सी झलक से कहीं अधिक होगी।



# सनी की दमदार आवाज में बॉर्डर 2 का टीजर रिलीज

**मुंबई।** एक बार फिर सिनेमाघरों में दिखेगी भारतीय सेना के शौर्य की कहानी। अब फैंस का इंतजार खत्म हुआ और सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 23 जनवरी को रिलीज होने वाली इस फिल्म का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीजर में एक्शन और इमोशन के साथ शौर्य की गाथा देखने को मिलती है। टीजर की शुरुआत सनी देओल के वॉइस ओवर से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'तुम जहां से भी घुसने की कोशिश करोगे, आसमान से, जमीन से, समंदर से.. सामने एक हिंदुस्तानी फौजी खड़ा पाओगे। जो आंखों में आंखें डालकर सीना ठोककर कहेगा हिम्मत है तो आ, ये खड़ा है हिंदुस्तान।' इसके बाद टीजर में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध को दिखाया गया जाता है।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता का उल्टा चश्मा के अब्दुल हैं 2 रेस्टोरेंट के मालिक

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता...' साल 2008 में शुरू हुआ था, और तभी से शरद संकला इसमें अब्दुल का किरदार निभाते आ रहे हैं। हालांकि, इससे पहले सात साल तक शरद संकला बेरोजगार थे। उनके पास कोई काम नहीं था। हाल ही एक इंटरव्यू में शरद संकला ने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद किया। मालूम हो कि शरद संकला ने बॉलीवुड में भी काम किया है। वह कुछ फिल्मों में छोटे-मोटे रोल्स में नजर आए। यहां तक कि वह शाहरुख खान स्टारर बादशाह और बाजीगर के अलावा हम हैं राही प्यार के, हम आपके दिल में रहते हैं और साजन चले ससुराल में भी नजर आए थे। पर एक समय ऐसा था, जब शरद संकला के पास कोई काम नहीं था, और वह 7 साल तक खाली बैठे थे। लेकिन फिर 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' मिला, और उनकी जिंदगी बदल गई। शरद संकला आज हर घर में पहचाने जाते हैं और उनकी शो से अच्छी कमाई भी हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें 'तारक मेहता' में एक एपिसोड के लिए 35-40 हजार रुपए फीस मिलती है। इसके अलावा उनके मुंबई में दो रेस्टोरेंट हैं, जिनसे अच्छी कमाई होती है। शरद संकला का एक रेस्टोरेंट जुहू में है और इसका नाम 'पार्ले पॉइंट' है और दूसरा अंधेरी में है, जिसका नाम 'चार्ली कबाब' है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शरद संकला की नेट वर्थ 4-6 करोड़ रुपए बताई जाती है।

## तान्या की रईसी की फिर खुली पोल!

**नई दिल्ली।** तान्या मित्तल 'बिग बॉस 19' से निकलकर अपने घर ग्वालियर पहुंच गई हैं। वहां पहुंचते ही उन्होंने कई वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए और लोगों को अपनी रईसी का सबूत देने लगीं। लेकिन इसी बीच उनसे एक बड़ी भूल हो गई, जिसके बाद तो लोगों ने उनको झूठा और फेक कहने में कोई कसर नहीं छोड़ी। क्योंकि इस बार लोगों ने सबूत भी पेश किया है, जो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। तान्या मित्तल ने इंस्टा स्टोरी पर ग्वालियर पहुंचते ही एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह कार के अंदर से पीछे आ रही गाड़ी का वीडियो बना रही थीं और कह रही थीं, 'अम्मू आ गया। आ जा... आ जा...।' अब उसमें उनके भाई अमृतेश तो नजर नहीं आ रहे थे लेकिन कार जरूर दिख रही थी, जिसकी नंबर प्लेट दिल्ली और मध्यप्रदेश की नहीं, बल्कि उत्तराखंड की थी। एक्स हैंडल पर एक यूजर ने तान्या की स्टोरी का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया है, जिसमें लिखा है, 'अम्मू आ गया।' वहीं, दूसरी फोटो आईटीओ डिटेल्स की है, जिसमें गाड़ी का नंबर यूके07डीके3600 है और मालिक का नाम छिपाया गया है।



# विक्रांत बेस्ट एक्टर, छाई रही ब्लैक वॉरंट जयदीप ने पाताल लोक 2 के लिए जीता अवॉर्ड


**मुंबई।** सोमवार 15 दिसंबर को फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स 2025 इवेंट आयोजित हुआ है। मुंबई में हुए इस कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार बांटे गए हैं। इवेंट में एक्टिंग, डायरेक्शन, बेस्ट स्टोरी, बेस्ट साउंड डिजाइन से लेकर टेक्निकल सहित कई श्रेणियों में विजेताओं को अवॉर्ड दिए गए हैं। अनन्या पांडे अभिनीत फिल्म कंट्रोल ने तीन अवॉर्ड्स पर कब्जा जमाया है।

### बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड

अभिनेता जयदीप अहलावत को बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल) ड्रामा का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड 'पाताल लोक सीजन 2' के लिए मिला है। बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड भी 'पाताल लोक सीजन 2' को मिला है।

### प्रीति पाणिग्रही बनीं बेस्ट एक्ट्रेस

बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (फीमेल) का क्रिटिक्स अवॉर्ड प्रीति पाणिग्रही को फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' के लिए दिया गया। उन्होंने अवॉर्ड लेकर खुशी साझा की और दर्शकों का शुक्रिया अदा किया। अभिषेक बनर्जी को थ्रिलर फिल्म 'स्टोलन' के लिए बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड मिला है।



### पाताल लोक सीजन 2 को मिले ये अवॉर्ड

बेस्ट ओरिजिनल स्क्रीनप्ले, सीरीज का फिल्मफेयर अवॉर्ड सुदीप शर्मा, अभिषेक बनर्जी और राहुल कनौजिया, तमाल सेन को 'पाताल लोक' सीजन 2 के लिए प्रदान किया गया है। इसके अलावा इसी सीरीज के लिए सुदीप शर्मा को बेस्ट स्टोरी का भी फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला है।

### सेक्टर 36 के लिए विक्रांत को मिला अवार्ड

वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) क्रिटिक्स के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड विक्रांत मैसी की झोली में आया। उन्हें यह अवॉर्ड 'सेक्टर 36' के लिए दिया गया है। फिल्म फेयर ओटीटी अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल)ः क्रिटिक्स ड्रामा जहान कपूर को 'ब्लैक वॉरंट' के लिए दिया गया है। बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) अवॉर्ड अनुभव सिन्हा को 'आईसी 814ः द कंधार हाईजैक' के लिए दिया गया है। इसके अलावा 'द हंटः द राजीव गांधी एसासिनेशन केस' के लिए नागेश कुकुनूर को भी बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड दिया गया।

# भुज से लेकर द गाजी अटैक तक, इन फिल्मों में दिखी विजय दिवस की कहानी

**नई दिल्ली।** यूं तो कई जांबाज भारतीय सैनिकों ने अपनी जुबानी इस जंग की कहानी सुनाई है पर विजय दिवस और 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान के युद्ध की पृष्ठभूमि पर कई फिल्में भी बनी हैं।

### द गाजी अटैक (2017)

1971 के इस युद्ध में पाकिस्तान की पनडुब्बी पीएनएस गाजी का अहम किरदार था। कहा जाता है कि इसका मकसद भारत का विमानवाहक पोत, आईएनएस विक्रांत को तबाह करना था पर भारतीय नौसेना ने इसे तबाह कर दिया था। जंग के इसी पहलू को फिल्म 'द गाजी अटैक' में दिखाया गया था। फिल्म में राणा दग्गुबाती, केके मेनन, अतुल कुलकर्णी और तापसी पन्नू अहम किरदारों में थे। इस फिल्म को 65वें राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फीचर फिल्म के सम्मान से नवाजा गया था।

### भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया (2021)

अभिषेक दुधैया निर्देशित इस फिल्म की कहानी भी 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित थी। फिल्म में इंडियन एयर फोर्स के स्क्वाड्रन लीडर विजय कार्णिक की कहानी बयां की गई, जो उस समय भुज एयर फोर्स बेस के इंचार्ज थे। विजय कार्णिक ने माधापार गांव की 300 स्थानीय महिलाओं की मदद से 72 घंटों में टूटी हुई हवाई पट्टी को फिर से बनाया था। इस फिल्म में अजय देवगन ने कार्णिक का रोल निभाया था। साथ में संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा, नोरा फतेही, शरद केलकर और एमी विर्क भी नजर आए थे।



### पिप्पा (2023)

शाहिद कपूर के छोटे भाई ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'पिप्पा' की कहानी भी 1971 के युद्ध पर आधारित थी। कहानी भारत की 45 कैवलरी रेजिमेंट के कप्तान बलराम सिंह मेहता के जीवन पर आधारित थी, जिन्होंने अपने भाई-बहनों के साथ 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पूर्वी मोर्चे पर लड़ाई लड़ी थी। यह 1971 में गरीबपुर की लड़ाई के दौरान हुई असली घटनाओं पर आधारित थी। फिल्म में ईशान के अलावा मृणाल ठाकुर और प्रियांशु पैन्यूली ने भी अहम किरदार निभाया था।

## लाल सिंह चड्ढा से लेकर प्लेयर्स तक बॉलीवुड फिल्में दर्शकों के लिए तरसीं

# हिट हॉलीवुड फिल्मों की ये रीमेक फिल्में रहीं फ्लॉप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड में कई हॉलीवुड फिल्मों के रीमेक बने हैं। इन फिल्मों को खूब सराहना मिली है। हालांकि, कुछ ऐसी भी फिल्में हैं जो हॉलीवुड में खूब चली हैं, लेकिन उनके रीमेक बॉलीवुड में कुछ खास कमाल नहीं कर पाए हैं। आज हम उन फिल्मों के बारे में जानेंगे जो कामयाब हॉलीवुड फिल्मों का रीमेक हैं लेकिन वह दर्शकों को नहीं लुभा पाईं।



### लाल सिंह चड्ढा

साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' हॉलीवुड फिल्म 'फॉरेस्ट गम्प' का रीमेक थी। इसमें आमिर खान और करीना कपूर जैसे बड़े कलाकारों ने किरदार निभाया। इसके बावजूद यह फिल्म दर्शकों को नहीं लुभा पाई। इससे साबित होता है कि अगर हॉलीवुड की कोई फिल्म ज्यादा पसंद की गई हो, तो जरूरी नहीं कि हिंदी में भी पसंद की जाए।





### प्लेयर्स

*साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'प्लेयर्स' हॉलीवुड फिल्म 'द इटालियन जॉब' का रीमेक थी। इसमें अभिषेक बच्चन, सोनम कपूर और बॉबी देओल जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि फिल्म खूब चलेगी। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कमाल नहीं कर पाई। आलोचकों से भी इसे सराहना नहीं मिली।*

### एक्शन रिप्ले

साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म 'एक्शन रिप्ले' में अक्षय कुमार और ऐश्वर्या राय ने भूमिका निभाई थी। यह फिल्म 'बैक टू द फ्यूचर' की रीमेक थी। इसमें ऐसे बच्चे की कहानी दिखाई गई है, जो अपने माता-पिता के बिगड़े रिश्ते को ठीक करने के लिए टाइम मशीन का इस्तेमाल करता है। हालांकि, यह फिल्म दर्शकों का दिल नहीं जीत पाई।



### गॉड तुस्सी ग्रेट हो

सलमान खान और प्रियंका चोपड़ा की अदाकारी वाली फिल्म 'गॉड तुस्सी ग्रेट हो' साल 2008 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म हॉलीवुड फिल्म 'ब्रूस ऑलमाइटी' की रीमेक थी। फिल्म में सलमान खान ने एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाई है, जो अपनी जिंदगी से परेशान है और उसे एक दिन के लिए भगवान बनने का मौका मिलता है। फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक बुलाने में नाकाम रही।

### दिल बोले हड़िप्पा

फिल्म 'दिल बोले हड़िप्पा' (2009) में रानी मुखर्जी ने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है, जो पुरुष क्रिकेट टीम में खेलने के लिए पुरुष का वेश धारण करती है। फिल्म कॉमेडी थी लेकिन दर्शकों ने इसे नकार दिया। यह फिल्म 'शी इज द मैन' का रीमेक थी। इसमें रानी मुखर्जी के साथ शाहिद कपूर भी थे।



## खबर संक्षेप

### पीड़ित परिवार को दिया चेक

**सांपला।** हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड की तरह से मार्केट कमेटी चेयरमैन उदयभान मलिक ने मंगलवार को मुख्यमंत्री किसान खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपए की राशि का चैक दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से कृषि से जुड़े लोगों की किसी भी किसान व मजदूर की जहरीले जीव व कृषि यंत्र से मौत हो जाती है तो उस पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है।

### किसान संगठन हनुमानगढ़ में करेंगे प्रदर्शन

**रोहतक।** एथेनॉल के उत्पादन के लिए संयंत्र लगाने में आमदा राजस्थान राज्य सरकार का विरोध करने वाले हनुमानगढ़ के किसानों पर राजस्थान की सरकार द्वारा की गई बर्बरता पूर्ण कार्रवाई के विरोध में, एवं एथेनॉल संयत्र नहीं लगाने की मांग के खिलाफ 17 दिसंबर को हनुमानगढ़ में होने वाली महापंचायत में संयुक्त किसान मोर्चा का घटक आल इंडियन किसान खेत मजदूर संगठन हिस्सा लेगा।

### घुसपैठिये को मतदान का अधिकार नहीं देगी सरकार

**रोहतक।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष चाहे 200 बार संसद का बहिष्कार कर ले, लेकिन भारतीय जनता पार्टी देश में एक भी घुसपैठिये को मतदान का अधिकार नहीं देने देगी। उन्होंने विपक्षी पार्टियों के नेताओं के व्यवहार की भर्त्सना करते हुए कहा कि भारत में घुसपैठिये न तो मुख्यमंत्री चुन सकते हैं और न ही प्रधानमंत्री।

### सीसीपीसी ने किया विजिट कार्यक्रम आयोजित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों (यूटीडी) के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष कंपनी विजिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग जगत से जोड़ने के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता एवं व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना रहा। इस अवसर पर राइट साइड स्टोरी कंपनी द्वारा जागरूकता एवं उत्पाद वितरण अभियान चलाया गया।

## श्री बाबा मस्तनाथ ग्रुप ऑफ स्कूल का वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

# साधु-संतों की दूरदृष्टि और तपस्या का संस्थान की तरक्की में बड़ा योगदान : गुलाबचंद कटारिया

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को जीवंत बना दिया

*देशभक्ति, भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता, नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं पर आधारित नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर किया, समारोह के दौरान शैक्षणिक, खेलकूद एवं सह-पाठ्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

श्री बाबा मस्तनाथ ग्रुप ऑफ स्कूल द्वारा वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। इस आयोजन में श्री बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल सैनिक स्कूल एवं श्री बाबा मस्तनाथ सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समारोह के मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को जीवंत बना दिया। देशभक्ति, भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता, नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं पर आधारित नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। समारोह के दौरान शैक्षणिक, खेलकूद एवं सह-पाठ्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एक स्मारिका का भी का विमोचन भी किया गया।

मुख्य अतिथि गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि श्री बाबा मस्तनाथ मठ द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाएं केवल ज्ञान देने वाले केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार, सेवा और चरित्र निर्माण की भूमि हैं। उन्होंने कहा कि महंत बालकनाथ योगी के मार्गदर्शन में संचालित इन संस्थानों के पीछे साधु-संतों की दूरदृष्टि और तपस्या का बड़ा योगदान रहा है, जिन्होंने शिक्षा को समाज और राष्ट्रसेवा का प्रभावी माध्यम बनाया। राज्यपाल विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों से विशेष रूप से प्रभावित दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि जब बच्चे मंच पर अपनी कला, अनुशासन और सांस्कृतिक चेतना का प्रदर्शन करते हैं, तो यह संकेत मिलता है कि यहां संस्कारों की मजबूत नींव रखी जा रही है। ऐसे वातावरण में पले-बढ़े विद्यार्थी आगे चलकर देश की अमूल्य धरोहर बनते हैं। उन्होंने कहा कि संत-महात्माओं द्वारा संचालित यह विद्यालय राष्ट्र की सुरक्षा के लिए समर्पित अनुशासित और साहसी युवा तैयार कर रहा है। यही विद्यार्थी भविष्य में सीमाओं की रक्षा करेंगे और अपने शौर्य व बलिदान से देश का मान बढ़ाएंगे। उन्होंने 1965 के युद्ध और कारगिल विजय का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे सैनिकों की वीरता के कारण ही आज देश सुरक्षित है और नागरिक निश्चिंत जीवन जी पा रहे हैं।




**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया को स्मृति चिन्ह देते महंत बालक नाथ योगी । *फोटो : हरिभूमि*




**रोहतक।** कार्यक्रम में पुस्तक का विमोचन करते मुख्यअतिथि पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया महंत बालक नाथ योगी,लेफ्टिनेंट कर्नल विकास धनखड़ व अन्य गणमान्य। *फोटो : हरिभूमि*

### मोबाइल युग में संस्कारयुक्त शिक्षा पर राज्यपाल का प्रेरक संदेश

राज्यपाल ने कहा कि मोबाइल और तकनीक का बढ़ता प्रभाव बच्चों के लिए अवसर भी है और चुनौती भी। सही दिशा में इसका उपयोग ज्ञान और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है, जबकि गलत उपयोग लक्ष्य से भटका सकता है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से बच्चों को संतुलित और सकारात्मक मार्गदर्शन देने का आग्रह किया। गुरुकुल परंपरा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता को जीवित रखने में संस्कारयुक्त शिक्षा की अहम भूमिका रही है। आज भी आवश्यकता है कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में उन मूल्यों को समाहित किया जाए, जिनसे चरित्र, अनुशासन और सेवा भाव का निर्माण होता है। शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज का वास्तविक निर्माता होता है। उन्होंने स्वयं को शिक्षक बताते हुए कहा कि पद और प्रतिष्ठा क्षणिक हो सकते हैं, लेकिन गुरु की पहचान और सम्मान जीवनभर बना रहता है।

### कटारिया का जीवन भारत भूमि की सेवा को समर्पित

महंत बालकनाथ योगी ने मुख्य अतिथि गुलाबचंद कटारिया के सार्वजनिक जीवन, राष्ट्र के प्रति समर्पण और सेवा भाव की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि गुलाबचंद कटारिया का जीवन भारत भूमि की सेवा को समर्पित रहा है। उन्होंने बताया कि राज्यपाल बनने के बाद वे स्वयं उनसे मिलने चंडीगढ़ गए थे और मन में यह इच्छा थी कि एक दिन उन्हें अपनी संस्था में आमंत्रित कर सम्मानित किया जाए। आज यह संकल्प पूर्ण होने पर उन्होंने आभार व्यक्त किया।

### ले. कर्नल विकास धनखड़ को किया सम्मानित



इस मौके पर विवि के कुलाधिपति बाबा बालकनाथ ने गांव करौंथा निवासी लेफ्टिनेंट कर्नल विकास धनखड़ का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिह्न एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया। बात दें कि धनखड़ 2008 से 2010 तक एडीसी टू गवर्नर यूपी रह चुके हैं। फिलहाल वे सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं और समाज सेवा में भी बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर हरियाणा भाजपा के वाइस प्रेसिडेंट सतीश नांदल, लेफ्टिनेंट कर्नल विकास धनखड़ (एसएमपीएस एलुमनाई), बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीएम यादव, एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, पंडित बीडी शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज के कुलपति प्रो. एचके अग्रवाल, डॉ. राजश्री सिंह आईपीएस (एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस), डॉ. वरुण अग्रवाल (प्रोफेसर, न्यूरोसर्जरी विभाग, पीजीआईआईएम एवं एलुमनाई), सैनिक स्कूल के निदेशक कृष्ण मलिक, पब्लिक स्कूल के निदेशक पी.एन. मुज्जु, बाबा कालिदास गिरी, महाराज कपिल पुरी, परमानंद महाराज सहित बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय व स्कूल के शिक्षक, स्टाफ, विद्यार्थी एवं उनके अभिभावकों व अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।



## योग विजेताओं को किया सम्मानित

**रोहतक।** अमृतसर (पंजाब) स्थित बीबीके कॉलेज ऑफ वूमेन में 13 व 14 दिसंबर 2025 को सिख गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित 7वीं नेशनल योगा चैंपियनशिप में हरियाणा के योग खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन किया। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में पदक जीतकर प्रतिभा का लोहा मनवाया। योग विशेषज्ञ डॉ. जनक राज ने बताया कि प्रतियोगिता में दिक्षा (अंडर-8 गर्ल्स वर्ग) ने ट्रेडिशनल योग इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल और आर्टिस्टिक सोलो इवेंट में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वहीं, आरव सिंह (अंडर-10 बॉयज़ वर्ग) ने ट्रेडिशनल योग इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर हरियाणा को गौरवान्वित किया। इसी क्रम में आदर्श (अंडर-14 बॉयज़ वर्ग) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रेडिशनल योग इवेंट में गोल्ड मेडल एवं आर्टिस्टिक सोलो इवेंट में सिल्वर मेडल अपने नाम किए। इसके अतिरिक्त राज नंदन (अंडर-16 बॉयज़ वर्ग) ने ट्रेडिशनल योग इवेंट में सिल्वर मेडल जीतकर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया।

# वीर सैनिकों ने 1971 में बांग्लादेश को करवाया मुक्त : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने 55वें विजय दिवस के अवसर पर मंगलवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय स्थित राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीद पटल पर अंकित किए गए विभिन्न युद्धों के शहीदों का भी अवलोकन किया। इनमें भारत-चीन युद्ध 1962, भारत-पाकिस्तान 1965 एवं 1971, कारगिल युद्ध 1999, ऑपरेशन ब्लू स्टार, मेघदूत, पवन, रक्षक एवं अन्य ऑपरेशन में शहीद हुए प्रदेशभर के शहीदों के नाम अंकित किए गए हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा युवा सेना में भर्ती होकर देश की एकता व अखंडता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान दें। गुप्ता ने जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक



**रोहतक।** राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते उपायुक्त व अन्य।

कल्याण अधिकारी विंग कमांडर गौरिका सुहाग तथा भूतपूर्व सैनिकों के साथ राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक पर विजय दिवस के उपलक्ष में पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

डीसी ने वीर जवानों के अद्वितीय शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को नमन करते हुए उनके बलिदान को सदैव स्मरण रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि देश के वीर सैनिकों ने 1971 में पाकिस्तान बांग्लादेश युद्ध में अपने अदम्य साहस का परिचय देकर बांग्लादेश को पाकिस्तान के अत्याचारों से मुक्त करवाया तथा भारत माता का गौरव बढ़ाया। उन्होंने विजय दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों की बदौलत बांग्लादेश आजाद हुआ। इस अवसर पर पुलिस टुकड़ी द्वारा सशस्त्र उल्टे कर एवं मातमी धुन बजाकर शहीदों को सलामी दी। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि भारतीय सेना में हरियाणा प्रदेश के युवाओं की काफी संख्या है तथा यहां के युवा देश सेवा के लिए जज्बे के साथ सेना में भर्ती होकर देश की सीमाओं की सुरक्षा करना गौरव मानते हैं।

### पीएम श्री व्यावसायिक लैब का उद्घाटन

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने इस मौके पर बातचीत करते हुए कहा कि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में पीएम श्री योजना के तहत नवनिर्मित व्यावसायिक लैब का उद्घाटन किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा केन्द्रीय विद्यालय संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर 15 दिसंबर को देशभर में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालयों में स्थापित की गई 182 व्यावसायिक लैब का उद्घाटन का किया गया, जिसमें स्थानीय पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय भी शामिल है। उन्होंने कहा कि पीएम श्री योजना के तहत व्यावसायिक लैब की स्थापना से स्कूली शिक्षा में कौशल आधारित एवं अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। इससे विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर पर ही व्यावसायिक कौशल सीखने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़ेगी और शिक्षा को उद्योग व समाज की वर्तमान जरूरतों के अनुरूप बनाया जा सकेगा। विजय दिवस के अवसर पर कर्नल राजेंद्र सुहाग, कर्नल संजीव दहिया, कर्नल संदीप नयन, जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर गौरिका सुहाग, कैप्टन जगबीर मलिक, सुबेदार मेजर प्रेम सिंह, सूबेदार मेजर रामकुमार, पीओ जगत सिंह गिल, वजीर दांगी, दिनेश सांगवान सूबेदार विक्रम सिंह, सुबेदार राजकुमार शर्मा, सूबेदार नरेंद्र, जगबीर सिवाच, सीपीओ अतर सिंह कादयान, विजय कुमार, रघबीर सिंह, सतीश अहलावत, वेदप्रकाश, अजीत सिंह बडक़, कृष्ण कुमार, राज सिंह जाखड़, हवलदार गुलाब सिंह व अतर सिंह, विजयदीप दहिया तथा दिनेश कुमार सहित अन्य भूतपूर्व सैनिको ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

# कांग्रेस व भाजपा को जनहित से नहीं कोई सरोकार, हर वर्ग सरकार से परेशान

- इनेलो प्रदेश सचिव ने ली पदाधिकारियों की बैठक, 20 दिसंबर को सिरसा में मनाई जाएगी लौह पुरुष स्व. चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

इनेलो प्रदेश सचिव मंजीत कन्हेली ने कहा कि कांग्रेस व भाजपा को कभी जनहित से कोई सरोकार नहीं रहा है और हर वर्ग सरकार से परेशान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में किस तरह से जमकर भ्रष्टाचार हुए हैं, वह जगजाहिर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि धान व बाजरे की खरीद में करोड़ो रूपये का भ्रष्टाचार हुआ है, सरकार मामले की जांच करवाने को तैयार नहीं है।

इनेलो प्रदेश सचिव मंजीत कन्हेली मंगलवार को पार्टी पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया 20 दिसंबर को सिरसा स्थित तेजा खेड़ा फार्म हाउस पर स्व. चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की पहली पुण्यतिथि मनाई जाएगी, जिसमें कई प्रदेशों से दिग्गज नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इनेलो सुप्रीमों चौधरी अभय सिंह चौटाला की बढ़ती लोकप्रियता को कांग्रेस व भाजपा पचा नहीं पा रही है। राजनीतिक षडयंत्र के तहत अभय सिंह की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया था और अब सच्चाई जनता के सामने आ चुकी है। उन्होंने कहा कि अगर लोगों की समस्याओं को लेकर आज सरकार से सीधे टक्कर ले रही है तो वह सिर्फ इनेलो पार्टी है, क्योंकि कांग्रेस तो भाजपा सरकार की मदद कर रही है।

## वैश्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पूर्व एनसीसी कैडेट नौसेना नाविक गौरव का सम्मान



**रोहतक।** पूर्व छात्र एनसीसी कैडेट, वर्तमान में नौसेना नाविक गौरव को सम्मानित करते प्राचार्य प्रवीण कुमार बंसल व अन्य स्टाफ ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

वैश्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को विद्यालय के पूर्व छात्र व एनसीसी कैडेट, वर्तमान में भारतीय नौसेना में नाविक के पद पर कार्यरत गौरव के सम्मान में विशेष समारोह आयोजित किया गया। नौसेना में भर्ती होने के बाद पहली बार विद्यालय आगमन पर उनका भावभीना स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण कुमार बंसल, एनसीसी अधिकारी कैप्टन सतीश भारद्वाज, अंजना गुप्ता, मुकेश सिंगला, सुनील मेहता, गीता राणा, राजकुमार व ज्योति ने स्मृति चिन्ह भेंट कर गौरव को सम्मानित किया। इस अवसर पर गौरव ने कहा कि 12वीं के बाद मैकेनिकल इंजीनियरिंग कर उन्होंने आईएनएस चिल्का, उड़ीसा से प्रशिक्षण लेकर भारतीय नौसेना को अपने उज्ज्वल भविष्य का माध्यम चुना। वर्तमान में वे अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में कैमल बे पर सेवाएं दे रहे हैं।

# स्वयंसेवकों को दिया देशसेवा व ध्यान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला समन्वयक मनोज अहलावत ने एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि सच्ची देशभक्ति केवल भाषणों तक सीमित नहीं होती, बल्कि कर्म और सेवा से ही देशप्रेम को साकार किया जा सकता है। उन्होंने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का उदाहरण देते हुए युवाओं से साहसी, अनुशासित और मजबूत बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने आचरण और कार्यों से समाज व देश के लिए प्रेरणा बनना चाहिए। इस अवसर पर सैनी एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान अवनीश कुमार सैनी ने भी स्वयंसेवकों को संबोधित किया।



### युवाओं को ध्यान की विधिमें बारे में दी जानकारी

मनोज अहलावत ने कहा कि मैं नहीं, आप की भावना के साथ काम करना ही सच्ची देशसेवा है। युवाओं को व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज और राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम के दोपहर बाद के सत्र में सतीश चंद्र ने स्वयंसेवकों को ध्यान की विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ध्यान एक सरल और प्रभावी उपाय है, जिसके माध्यम से मन और आत्मा को शांति मिलती है तथा जीवन में सकारात्मकता आती है। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्राचार्य डॉ. आरके सैनी ने अतिथियों को पौधा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर सुमन लता, रिंकी सैनी, प्रियंका सैनी, कविता और पूजा सहित अन्य शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# एमडीयू में अंतर-महाविद्यालय हॉकी प्रतियोगिताओं का शेड्यूल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के खेल निदेशालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अंतर-महाविद्यालय हॉकी प्रतियोगिताओं का शेड्यूल जारी कर दिया है।

खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने बताया कि अंतर-महाविद्यालय हॉकी (पुरुष) प्रतियोगिता 1 से 2 जनवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। पुरुष वर्ग की टीमों की रिपोर्टिंग 1 जनवरी को सुबह 9:00 बजे होगी, जबकि चयन ट्रायल 2 जनवरी को दोपहर 2:00 बजे आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता का आयोजन जाट कॉलेज, रोहतक में किया जाएगा।

इसी प्रकार अंतर-महाविद्यालय हॉकी (महिला) प्रतियोगिता 3 से 4 जनवरी 2026 तक आयोजित होगी। महिला वर्ग की टीमों की रिपोर्टिंग 3 जनवरी को सुबह 9:00 बजे होगी तथा चयन ट्रायल 4 जनवरी को दोपहर 2:00 बजे होंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन एमकेजेकेएम, रोहतक में किया जाएगा।

### खेल चयन ट्रायल नियम जारी

खेल निदेशक ने बताया कि सभी मुकाबले सुबह 9:30 बजे से प्रारंभ होंगे। प्रत्येक टीम के साथ टीम मैनेजर एवं कोच की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। चयन ट्रायल के लिए खिलाड़ियों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल पर रिपोर्ट करना होगा। प्रतिभागी टीमों का निर्धारित खेल किट में होना अनिवार्य है। साथ ही पात्रता प्रोफार्मा, जिसे शारीरिक शिक्षा अध्यापक द्वारा हस्ताक्षरित एवं संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा सत्यापित किया गया हो, प्रतियोगिता से पूर्व प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।




## श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन

**रोहतक।** श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा विद्यार्थियों व आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। शिविर की शुरुआत प्राचार्य के मार्गदर्शन के साथ हुई। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजनी कुमारी एवं डॉ. प्रवीण शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि जीवन रक्षा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण सामाजिक दायित्व है। उन्होंने युवाओं से जिम्मेदार नागरिक बनकर यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में सड़क दुर्घटनाएं एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुकी हैं, जिनमें युवाओं की संख्या चिंताजनक है।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- Nursing Staff 4
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- Ward Boy 2
- Computer Operator (Male) 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

श्री गणेशाय नमः
श्री बालाजी ज्योतिष केन्द्र
म.नं. 232, सेक्टर -14, हिसार मो. 85710-24131 87086-55938
प्यार मोहब्बत किया/कराया, जादु-टोना गुप्त दुश्मन, सौतन, नजर दोष, विदेश यात्रा, सास बहु/पति पत्नी में अनबन, पशुधन बर्बाद होना, कारोबार में बरकत ना होना, धन की बर्बादी, पढ़ाई में मन न लगना, विवाह में देरी, नौकरी में प्रमोशन
समस्या कैसी भी हो,
जड़ से होगी खत्म जब कभी भी ना बना हो काम तो होगा गारन्टीड समाधान
पं. तुषार शर्मा (गोल्ड मेडलिस्ट)
हर रोज मिलें सुबह 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक

# सहकारिता मंत्री ने महम चीनी मिल के 36वें पेराई सत्र का किया शुभारंभ

## विकसित भारत के संकल्प में सहकारिता का होगा महत्वपूर्ण योगदान, देश में स्थापित की जाएंगी 150 चीनी मिल : डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने मंगलवार को महम चीनी मिल के 36वें पेराई सत्र का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सत्र की शुरूआत हवन यज्ञ के साथ की। उन्होंने ब्वॉयलर का बटन दबाया और चेन पर गन्ना डाला। इस तरह उन्होंने गन्ने की पेराई की प्रक्रिया शुरू की। वे गन्ने ये भरी ट्रॉली जुड़ा हुआ ट्रैक्टर खुद चलाकर फैक्टरी तक लेकर गए। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले गन्ना लेकर पहुंचे किसानों को सम्मानित किया। मिल में मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को पूरा करने के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश में 150 नई चीनी मिलें स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इस कड़ी में प्रदेश के नारायणगढ़ में चीनी मिल स्थापित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गन्ना किसानों को देश में सर्वाधिक गन्ना फसल की दर 415 रुपए प्रति क्विंटल घोषित की है। आज हरियाणा अन्य राज्यों के मुकाबले समय पर भुगतान एवं अन्य सुविधाएं देने में अग्रणी है।

**1** सबसे पहले गन्ना लाने वाले किसानों को सम्मानित किया



**महम।** चेन में गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभारंभ करते सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा व अन्य।

**2** मंत्री ने गन्ने से भरी ट्रॉली को ट्रैक्टर से मिल तक पहुंचाया



**महम।** पेराई सत्र के मौके पर आयोजित हवन में आहुति डालते सहकारिता मंत्री व मिल प्रबंधन समिति सदस्य।

### किसानों को किया भुगतान

मंत्री डॉ. अरविंद ने कहा कि किसानों की हमेशा चिंता करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के कल्याण के लिए पीएम किसान सम्मान निधि के तहत गत दिनों 9 करोड़ 18 लाख रुपए की किस्त जारी की है। डॉ. अरविंद शर्मा ने महम चीनी मिल के 36वें पेराई सत्र का विधिवत शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान गन्ना क्षेत्र को बढ़ाये। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार द्वारा वर्तमान पेराई सत्र में गन्ना की फसल का भुगतान समय पर किया जाएगा। सरकार किसानों की गन्ने की फसल की कटाई की समस्या का समाधान करने के लिए भी प्रयासरत है।

### गन्ना उत्पादकों को राहत

सहकारिता मंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा महम की ऐतिहासिक चीनी मिल की पुरानी ट्राबाइनों को बदलवाया जाएगा तथा गन्ना किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान हितैषी मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने गन्ना पेराई सत्र शुरू होने से पहले ही गन्ना फसल की कीमतों में वृद्धि की है। सरकार द्वारा अगेती किस्म के लिए 415 रुपए प्रति क्विंटल तथा मध्यम व पछेती किस्म के लिए 408 रुपए प्रति क्विंटल भाव निर्धारित किए है। मिल द्वारा सरकार के सहयोग से पेराई सत्र 2024-25 की गन्ना फसल की संपूर्ण राशि का किसानों को भुगतान किया जा चुका है।

### पीड़ितों को मिलेगी सहायता

मंत्री ने मिल प्रशासन से कहा कि वे किसानों के साथ संवाद बढ़ाये तथा किसानों को ज्यादा क्षेत्र में गन्ना उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करें। वर्तमान में महम चीनी मिल के साथ 1200 किसान जुड़े हुए है तथा इस वर्ष 200 नए किसान मिल से जुड़े है एवं गन्ना क्षेत्रफल में भी वृद्धि हुई है। डॉ. अरविंद शर्मा ने महम सहकारी चीनी मिल के कर्मचारी दीनदयाल की असामयिक मृत्यु पर दुख व्यक्त किया। वे पीड़ित परिवार को एक लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे। उन्होंने मिल में सबसे पहले गन्ना लाने वाले किसानों बडाला निवासी वजीर, बास निवासी रामपाल, भराण निवासी सुरेंद्र तथा खेरड़ी गन्ना सेंटर के ट्रक चालक तेजेन्द्रपाल को सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप



### राजकीय विद्यालय में एनएसएस शिविर शुरू

**कलानौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिलाना में प्राचार्य सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में एनएसएस के 7 दिवसीय कैंप की शुरुआत सरस्वती माता के सामने दीप प्रज्वलित कर की गई। प्रिंसिपल ने स्वयं सेवकों को एनएसएस के महत्व के बारे बताया। स्वयं सेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और खो खो आदि खेलो का आयोजन किया। इस मौके पर एनएसएसपीओ धर्मवीर , संजय दांगी, अरविंद, सीमा, जयश्री, सुरेश शास्त्री, विजेंदर आदि मौजूद रहे।

### अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर आयोजित

**रोहतक।** अंबेडकर चोक पर रक्तदान के शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता राष्ट्र देवो भवः मिशन के संस्थापक संत बावा सुखा शाह ने की। आज के शिविर के मुख्य अतिथि गौरव गोगिया रहे। गौरव गोगिया ने स्वयं भी रक्तदान किया। पीजीआई ब्लड बैंक के सौजन्य से 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान दिया। बाबा सूखा शाह एवं गौरव गोगिया ने रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र तथा बैज देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉक्टर अश्वनी वशिष्ठ, डॉक्टर लतेश, हितेश खुराना,डॉक्टर रवि रंगा, श्वेता, अजेश गुप्ता, पंकज कपूर, सरदार मनप्रीत सिंह एवं राजिंदर मनचंदा मौजूद रहे।

# जिले में 480 बाइक और 326 घर से चोरी के मामले दर्ज

# बाइक और घर में चोरी की घटनाओं ने बढ़ाई चिंता

*आदतन अपराधी और पड़ोसी जिलों के गिरोह भी शामिल*

1 आमजन में असुरक्षा, पुलिस ने कई मामलों का किया खुलासा

2 अधिकतर मामलों में बंद मकानों को बनाया जा रहा निशाना

3 तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कई मामलों में आरोपियों की पहचान हुई

नीरज वर्मा ▶▶| रोहतक

जिले में बीते एक साल के दौरान चोरी की घटनाओं ने कानून-व्यवस्था और आमजन की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी है। पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, जिले में 326 घरों में चोरी की वारदातें दर्ज की गईं, जबकि 480 बाइक चोरी के मामले सामने आए। लगातार बढ़ रही इन घटनाओं से शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक लोगों में डर और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। हालांकि पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए कई मामलों को सुलझाया है, लेकिन चोरी की बढ़ती संख्या यह संकेत देती है कि समस्या अभी पूरी तरह नियंत्रण में नहीं आई है।

### दरवाजे-खिड़कियों से करते प्रवेश

जिले के शहरी, अर्ध-शहरी और ग्रामीण इलाकों में लगभग समान रूप से देखने को मिली हैं। रिहायशी कॉलोनियों, सेक्टरों, अपार्टमेंट्स और बाहरी क्षेत्रों में बने मकान चोरों के आसान निशाने बने। पुलिस जांच में सामने आया है कि अधिकतर मामलों में चोरों ने बंद मकानों को निशाना बनाया। दिन के समय जब परिवार के सदस्य नौकरी, व्यापार या अन्य कार्यों से बाहर रहते हैं, उसी दौरान चोरों ने ताले तोड़कर या दरवाजे-खिड़कियों से घर में प्रवेश कर वारदात को अंजाम दिया। कई घरों से नकदी, सोने-चांदी के आभूषण, मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य कीमती सामान चोरी किया गया।

### बाइक चोरी की घटनाएं

*बाइक चोरी की घटनाएं भी रोहतक के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभरी हैं। बाजारों, अस्पतालों, कॉलेजों, सरकारी दफ्तरों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन के आसपास खड़ी बाइकों को चोरों ने सबसे ज्यादा निशाना बनाया। कई मामलों में बाइक मालिकों ने बताया कि उन्होंने कुछ ही देर के लिए वाहन खड़ा किया था, लेकिन लौटने पर बाइक गायब मिली। पुलिस के अनुसार, बाइक चोरी करने वाले गिरोह पहले इलाके की रेकी करते थे और जैसे ही उन्हें मौका मिलता, कुछ ही मिनटों में बाइक चोरी कर फरार हो जाते थे। कई चोरी की गई बाइकों का इस्तेमाल अन्य आपराधिक गतिविधियों में भी किया गया।*

### 215 बाइक चोरी के मामले भी सुलझे

पुलिस ने बताया कि 480 बाइक चोरी के मामलों में से 215 मामलों का खुलासा किया जा चुका है। इन मामलों में कई चोरी की गई बाइकों को बरामद कर उनके मालिकों को सौंपा गया है। पुलिस के अनुसार, बाइक चोरी के मामलों में विशेष अभियान चलाकर गिरोहों को तोड़ा गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आने वाले समय में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए और सख्त कदम उठाए जाएंगे। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, रात की गश्त बढ़ाने, पुराने अपराधियों की निगरानी और तकनीकी संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### पुलिस ने बनाई विशेष रणनीति

चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने विशेष रणनीति अपनाई। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अलग-अलग टीमें गठित की गईं, जिन्होंने लगातार गश्त, नाकाबंदी और जांच अभियान चलाए। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कई मामलों में आरोपियों की पहचान की गई। इसके अलावा मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया, जिससे शातिर चोरों और गिरोहों तक पहुंचने में पुलिस को मदद मिली।

### गंभीरता से की कार्रवाई



जिले में बीते एक साल के दौरान घरों और बाइक चोरी की घटनाएं सामने आई हैं, जिन पर पुलिस ने गंभीरता से कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि कुल 326 घरों में चोरी और 480 बाइक चोरी के मामले दर्ज हुए हैं। इनमें से 129 घरों की चोरी और 215 बाइक चोरी के मामलों को सुलझा लिया गया है। शेष मामलों की जांच भी तेजी से चल रही है और कई मामलों में अहम सुराग हाथ लगे हैं।

*सुरेंद्र भौरिया, एसपी, रोहतक*

### घर में चोरी के 129 मामलों का खुलासा

पुलिस के अनुसार, दर्ज किए गए 326 घरों में चोरी के मामलों में से 129 केस सुलझा लिए गए हैं। इन मामलों में कई शातिर चोर गिरफ्तार किए गए, जिनसे चोरी किया गया कीमती सामान भी बरामद हुआ। तकनीकी जांच और सीसीटीवी फुटेज ने इन मामलों को सुलझाने में अहम भूमिका निभाई।

### कुछ आरोपी पहले भी जेल जा चुके

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि चोरी की कई वारदातों में आदतन अपराधी शामिल थे। कुछ आरोपी पहले भी चोरी, लूट और अन्य आपराधिक मामलों में जेल जा चुके हैं। कई गिरोह पड़ोसी जिलों से आकर रोहतक में वारदात करते थे और फिर वापस लौट जाते थे, जिससे उनकी पहचान और गिरफ्तारी में समय लगता था। इसके बावजूद पुलिस ने कई आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### आमजन से सतर्क रहने की अपील

पुलिस प्रशासन ने आमजन से भी सतर्क रहने और सहयोग करने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा है कि घर से बाहर जाते समय ताले अच्छी तरह लगाएं, पड़ोसियों को जानकारी दें और सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं। बाइक चालकों को भी सलाह दी गई है कि वे वाहन को हमेशा लॉक करके रखें, संभव हो तो डबल लॉक का इस्तेमाल करें और सुरक्षित स्थान पर ही पार्क करें।

## न्यूज डायरी

### सांगवान इंटरनेशनल स्कूल की अवनी का राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन




**रोहतक।** गुरुग्राम स्थित आर्य विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित छठी राज्य स्तरीय योगासन चैंपियनशिप में सांगवान इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा अवनी ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में राज्यभर से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया, जहां कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अवनी ने अपनी योग प्रतिभा का बेहतरीन परिचय दिया। सांगवान इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा सातवीं की छात्रा अवनी ने प्रतियोगिता के दौरान अनुशासन, आत्मविश्वास और उच्च स्तरीय योग कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनकी सटीक मुद्राएं, संतुलन और एकाग्रता ने निर्णायकों को खासा प्रभावित किया। परिणामस्वरूप अवनी ने ट्रेडिशनल इवेंट में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अवनी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधक राजेश सांगवान, प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान तथा समन्वयक प्रमिला सांगवान अवनी को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि अवनी की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। साथ ही, उन्होंने भविष्य की योग प्रतियोगिताओं में भी अवनी के और बेहतर प्रदर्शन की कामना करते हुए उसे उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभाशीर्वाद दिया।



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते विद्यालय की प्रधानाचार्या बबीता। फोटो : हरिभूमि

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**रोहतक।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सांघी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर 16 दिसंबर से 22 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा। शिविर का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्या बबीता द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। यह शिविर एनएसएस यूनिट इंचार्ज डॉ. नीरज कांत एवं रामकली के कुशल मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह के पश्चात डीपीई विकास व ओमपाल द्वारा विद्यार्थियों को अनुशासन विषय पर प्रेरक व्याख्यान दिया गया, जिसमें उन्होंने जीवन में अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। व्याख्यान के उपरांत चाय अवकाश एवं दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई। सात दिवसीय इस एनएसएस शिविर के दौरान विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने हेतु विभिन्न रचनात्मक एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत युवक नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को नशीले पदार्थ सहित काबू किया है। आरोपी के पास से 117 ग्राम चरस बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। एएनसी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि एएनसी स्टाफ की टीम सहायक उप निरीक्षक अनिल के नेतृत्व में आईएमटी एरिया में गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान अमूल फैक्ट्री के आसपास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से 117 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान राणा पुत्र इंदल निवासी बिहार, हाल निवासी खेड़ी साध के रूप में हुई है। बरामद नशीले पदार्थ के आधार पर आरोपी के खिलाफ थाना आईएमटी में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी आईएमटी थाना क्षेत्र में एक मामला दर्ज है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह नशीला पदार्थ कहां से लाया था और इसकी सप्लाई कहां की जानी थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में नशे के कारोबार पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान लगातार जारी है।

### चांद अहलावत ने जीते 3 स्वर्ण पदक

**रोहतक।** पिछले दिनों पंचकूला में आयोजित 34वीं हरियाणा मास्टर्स पुरूष एवं महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में लक्ष्मी नगर के 85 वर्षीय चांद सिंह अहलावत ने विभिन्न आयु वर्ग 3 स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा की टीम में जगह बनाई। इस स्पर्धा में प्रदेश के 400 के लगभग पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में शॉटपुट, डिस्कसथ्रो व जेवलीन थ्रो के मुकाबले कराए गए थे। 44 वीं राष्ट्रीय पुरूष एवं महिला मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता अजमेर राजस्थान में 30 जनवरीसे 2 फरवरी तक आयोजित की जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# अंतिम ओवर में गोयल क्रिकेट क्लब की रोमांचक जीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हनुमंत क्रिकेट मैदान पर मंगलवार को खेले गए व्यक्तिगत मैच में रोमांच देखने को मिला। गोयल क्रिकेट क्लब बी टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 188 रन बनाकर ऑलआउट हुई। पारी की शुरुआत संभलकर हुई। लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने आक्रामक रुख अपनाते हुए रन गति को तेज किया। दिपांशु भारद्वाज ने 48 रनों और सौरव शर्मा ने 64 रनों से अर्धशतक जमाकर पारी को मजबूती दी। जबकि हरीश ने (24) रन और रुपेश निझावण ने (11) रनों से उपयोगी योगदान देकर स्कोर को सम्मानजनक स्तर तक पहुंचाया। गेंदबाजी पक्ष की ओर से अनुशासित लाइन-लेंथ और समय-समय पर विकेट लेकर दबाव बनाया गया। ध्रुव ने झटके से 4 विकेट चटकाए। साथ ही निरज नरवाल और नसीब ने 2-2 विकेट लिए।

### ध्रुव बने मैन ऑफ द मैच

लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोयल क्रिकेट क्लब टीम की शुरुआत मिश्रित रही। शुरुआती विकेट गिरने के बाद मध्यक्रम ने जिम्मेदारी संभाली। उदित ने (35) रन , ध्रुव ने (26) रन और चेतनय दहिया ने (25) रन बनाए। मुकाबला अंतिम ओवर तक खिंच गया, जहां दर्शकों की धड़कनें तेज हो गईं। अंतिम क्षणों में संयम और समझदारी भरी बल्लेबाजी के दम पर टीम ने 189 रन बनाते हुए 9 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। साथ ही विपक्षी टीम के गेंदबाज मयंक नेहरा ने 2 , युगल भारद्वाज ने 3 और अभिनव गुप्ता ने 1 विकेट लिए। इस जीत के साथ मैन ऑफ द मैच ध्रुव रहे। साथ ही बेहतरीन गेंदबाज भी ध्रुव रहे। और बेहतरीन बल्लेबाज सौरव शर्मा रहे। गेंदबाजों ने अंत तक संघर्ष किया, लेकिन बल्लेबाजों की सूझबूझ भारी पड़ी।

**मौसम** एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 दर्ज, बुजुर्गों, बच्चों और श्वास रोगियों के लिए चुनौतीपूर्ण हालात

# कोहरा, ठंडी हवा और प्रदूषण ने शहर को जकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मौसम के बदलते मिजाज और बढ़ते प्रदूषण ने शहरवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मंगलवार को रोहतक का एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 दर्ज किया गया, जिससे हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई। प्रदूषित वातावरण का असर खासतौर पर सुबह और शाम के समय अधिक देखने को मिला, जब लोगों को सांस लेने में परेशानी महसूस हुई। बुजुर्गों, बच्चों और श्वास रोगियों के लिए हालात ज्यादा चुनौतीपूर्ण बने रहे।

सुबह छह बजे से लेकर करीब आठ बजे तक शहर घने कोहरे की चपेट में रहा। सड़कों पर दृश्यता कम होने से वाहन चालकों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ी। कई मार्गों पर ट्रैफिक की रफ्तार धीमी रही और दुपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। मॉर्निंग वॉक पर निकलने वाले लोग भी कोहरे और खराब हवा के कारण देर से घरों से बाहर निकले। करीब साढ़े आठ बजे के बाद धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत जरूर मिली।

**शहर में छाई धुंध**



### आने वाले दिनों में भी लोगों को सतर्क रहने की जरूरत

धूप के साथ दृश्यता में सुधार हुआ और ठंड का असर भी कुछ हद तक कम हुआ। इसके बावजूद दिनभर ठंडी हवाएं चलती रहीं, जिससे मौसम में सर्दी बनी रही। ठंडी हवा और प्रदूषण के मेल ने लोगों को लंबे समय तक खुले में रहने से रोके रखा। शहर में अधिकांश लोग गर्म कपड़ों में नजर आए और गैरजरूरी बाहर निकलने से बचते दिखे। इतने ऊंचे एक्यूआई के दौरान शारीरिक गतिविधियों से बचना चाहिए, क्योंकि लंबे समय तक प्रदूषित हवा में रहने से स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। बदलते मौसम और प्रदूषण के कारण आने वाले दिनों में भी लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

### एक्यूआई अधिक होने से बढ़ता है स्वास्थ्य जोखिम

एक्यूआई के अधिक स्तर पर आंखों में जलन, गले में खराश, खांसी और सांस संबंधी समस्याएं बढ़ने की आशंका रहती है। डॉक्टरों ने लोगों को सलाह दी है कि प्रदूषण के समय अनावश्यक बाहर निकलने से बचें और जरूरत पड़ने पर मास्क का प्रयोग करें। प्रशासन ने भी नागरिकों से अपील की है कि वाहन कम चलाएं, कूड़ा न जलाएं और प्रदूषण नियंत्रण में सहयोग करें। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में कोहरे और ठंड का असर बना रह सकता है, इसलिए सावधानी बरतना जरूरी है।